फूड पॉइजिंग से 20 लोग बीमार

भरतपुर (निस)। उद्योग नगर थाना इलाके में करीब 20 लोग फ़ूड पॉइजिंग को वजह से बीमार हो गए। बीमार लोगों को आरबीएम अस्पताल में लाया गया। कुछ लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी लोगों ने शादी के घर में खाना खाया था। तब से उनकी तबियत बिगड़ी है।

मरीजों ने बताया कि सांतरुक गांव में 25 अप्रैल को निशु नाम की लड़की की शादी थी।

24 अप्रैल को निशु के घर कड़ी चावल और पूरी बनी थी। निशु के परिजनों और आसपास के लोगों ने खाना खाया और सभी लोग घर चले गए। 25 अप्रैल को कुछ लोगों की तबियत खराब होने लगी।

उन्होंने पहले तो मेडिकल की दुकान से दवा ले ली लेकिन, उनकी तबियत ठीक नहीं हुई। कल करीब 20 लोगों की तबियत ज्यादा बिगड़ गई। जिन्हें रारह के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शाम को सभी लोगों को छुट्टी मिल गई।

आज सुबह फिर से करीब 20 लोगों को उल्टियां पेट दर्द होने लगा। जिसके बाद सभी लोगों को आरबीएम अस्पताल लेकर आया गया। फिलहाल आरबीएम अस्पताल में 15 लोगों को भर्ती किया गया है। वहीं कुछ लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है।

21 दीप प्रज्जवलित कर किया परम सेवा मिशन का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। संस्था मां माधुरी बृजवारिस सेवा सदन अपना घर के रजत जयंती वर्ष में परम सेवा मिशन व संस्था की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी, अपना घर भरतपुर कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अपना घर सेवा समिति पदाधिकारियों द्वारा अपने दायित्व की शपथ ग्रहण की गई। परम सेवा मिशन का शुभारंभ मंच पर पदाधिकारियों एवं सेवा साथियो द्वारा 21 दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग राजस्थान सरकार रहे। इसके बाद आश्रम अध्यक्ष बबीता गुलाटी द्वारा भरतपुर आश्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने कहा कि आश्रम में जिस दिन से प्रभुजी का प्रवेश होता है उसी दिन से पुर्नवास प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिससे प्रभुजनो को उनके घर भेजा जा सके। जिसकी सूचना आश्रम पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से उनके परिजनों तक सूचना भिजवाई जाती है और प्रभुजनों का पुर्नवास कराया जाता है। संस्था द्वारा प्रभुजनों की हर आवश्यकता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है। जिसमे कैफेटेरिया में प्रभुजनों के द्वारा बताने पर 23 प्रकार का भोजन तैयार कराया जाता है। नगर निगम द्वारा दी गई गौशाला में गौमाताओं के हिसाब से ब्लॉक बनाए गए है जिनमें गौमाताएं रहती है, वहीं उन्होंने कहा कि आश्रम में फलैट तैयार कराए जा रहे है जिनमें प्रभुजनों की शादी कराकर उनको रहने के लिए दिए जाएंगे। राष्ट्रीय सचिव चंद्रशेखर गुप्ता ने राष्ट्रीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने देश भर में बने आश्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी आश्रमों में प्रभुजनों की हर आवश्यकता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है जिसमें प्रभुजनों की सेवा से लेकर आश्रमों आवश्यकतानुसार उपकरण आदि का भी ध्यान रखा जाता है। संरक्षक वीरपाल सिंह ने परम सेवा मिशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब प्रभुजनों की सेवा में और अधिक सुधार होगा जिससे प्रभुजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अपनाघर में किसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए ठाकुरजी को चिठ्ठी लिखी जाती है और विभिन्न मानव स्वरूप मे ठाकुरजी आकर आवश्यकता की पूर्ति की करते है। संस्थापिका डॉ. माधुरी भारद्वाज ने संस्था की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसके बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल ने संस्थागत दो साल के कार्यकाल को बहुत अच्छा बताते हुए कहा कि आगे भी आने वाले दो साल और अधिक अच्छे रहेंगे। जिसमें परम सेवा मिशन के तहत सेवा को और अधिक बेहतर बनाया जाएगा।

संस्थापक डॉ. बी.एम. भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपना घर एक विचार धारा है, साक्षात प्रभुजी के दर्शन अपनाघर में ही हो सकते है। यहां जो भी समस्याएं आती है ठाकुरजी स्वयं आकर संभालते है। यहां की सेवाओं में सेवा साथियों का विशेष सहयोग रहता है चाहे वो सेवा के क्षेत्र में हो या किसी अन्य रूप में हो। उन्होंने कहा कि आज परम सेवामिशन का शुभारंभ हुआ है। संसाधनों की चिंता स्वयं ठाकुरजी को होती है हमें नहीं करनी है यही परम सेवा है। हम स्वयं के कल्याण के लिए सेवा कर रहे है यही परम सेवा है।

परम सेवा मिशन व संस्था की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी, अपना घर भरतपुर कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अपना घर सेवा समिति पदाधिकारियों द्वारा अपने दायित्व की शपथ ग्रहण की गई।

सार-समाचार

साइकिल को बना दिया इलैक्ट्रिक मोटरसाइकिल

करौली(नि.स.)। वैसे तो दुनिया में वैज्ञानिक बड़े-बड़े आविष्कार कर रहे हैं लेकिन करौली मे एक बंगाली डॉ. ने अपने मिशन से हटकर साइकिल को मोटरसाइकिल का रूप दिया है इसके अलावा उन्होंने घरेलू उपयोग में आने वाले पंखा,कूलर बहुत कम लागत में तैयार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली कि अरावली नगर कॉलोनी में बंगाली डॉ. उपेंन राय उपचार के अलावा घरेलू उपकरण बनाने में माहिर हैं जो वैज्ञानिक की तर्ज पर बैठे-बैठे कुछ ना कुछ कार्य करते रहते हैं। जिन्होंने बाजार से एक 8 हजार 500 रुपये की साइकिल खरीद कर मोबाइल में उपयोग में ली जाने वाली बैटरी के खराब होने के बाद उन बैटरीयो को सस्ते दामों में खरीद कर घरेलू उपकरण पंखा, कूलर आदि बनाने का काम अपने घरेलू उपयोग में ले रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने साइकिल को भी उन खराब बैट्रीयों का उपयोग करते हुए साइकिल को इलेक्ट्रॉनिक साइकिल बना दिया जो बिना पैडल के करीब 40 किलो मीटर की स्पीड से चलती है उन्होंने बताया कि एक बार चार्ज करने पर करीब 50 किलोमीटर का सफर तय हो जाता है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। भरतपुर अभियोजन मुख्यालय पर नवीन विधियां भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम से संबंधित विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय एवं उपखण्ड स्तर पर पदस्थापित सभी अभियोजन अधिकारियों ने भाग लिया। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय सुरक्षा संहिता के प्रावाधानों अनिल शुक्ला अभियोजन अधिकारी द्वारा विशेष जानकारी दी गई एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में रेखा शर्मा अभियोजन अधिकारी द्वारा नवीन प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। उदघाटन भाषण में संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक बमनावत द्वारा समय समय पर ऐसे प्रशिक्षण आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया जिससे अभियोजन को अधिकाधिक प्रभावी बनाया जा सके।

दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल

भरतपुर (निस)। विजय नगर कॉलोनी में 11 हजार केवी की लाइन के सम्पर्क में आने से दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें उनके परिजनों के द्वारा इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनका उपचार जिला आरबीएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल बालिका पारूल की मां कमलेश कल देर शाम आंधी जा रही थी। तब उसकी भांजी विद्या अपने मकान की रेलिंग पर खडी थी। आंधी के झौंके चलते उनके घर के पास होकर जा रही 11 हजार केवी की विद्युत लाइन रेलिंग से टच हो गई। जिससे विद्या को करंट लग गया। विद्या की चीख पुकार सुनकर उसकी ममेरी बहन पारूल उसे बचाने के लिए दौडी और उसे भी करंट लग गया। जिससे दोनों बालिकाएं गंभीर रूप से झुलस गई। दोनों की चीख पुकार सुनकर परिजन उपर गए और दोनों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। फिलहाल दोनों बालिकाएं खतरे से बाहर बताई जा रही हैं।

13 हजार रुपए छीनकर बदमाश फरार

भरतपुर(निस)। नगर कस्बे में दिनदहाडे बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट की। एक महिला को फेरी करने वाले दो युवकों से सामान व कपडा लेना भारी पड़ गया। महिला के हाथो में से 13 हजार रुपए छीनकर बदमाश फरार हो गए। लूट की घटना सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गई। सुचना पाकर नगर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच वे प्रक्रिया में जुट गई है। पीड़ित मिथलेश ने बताया की एक मोटरसाइकिल सवार होकर दो युवक कपड़ों की फेरी करते हमारे पड़ोस में किरण देवी महिला के घर आए तो हम उनसे लेगी व अन्य कपड़ा खरीदने लगे तो किरण देवी ने मुझसे पैसे मांगें तो में किरण देवी को जब पैसे दे रही थीं तो फेरी करने वाले हमारे हाथो में से 13 हजार रूपयों को छीनकर भाग गए। जिसकी सूचना देकर पुलिस को हमने अवगत कराया जो आगे की जांच कर रही है और आसपास के लगे हुए सीसटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

भजन जिकडी का आयोजन 4 मई को

भरतपुर(निस)। ग्राम पंचायत अजान कुम्हेर में 4 मई को जिकडी भजनों का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पुरस्कार निम्न प्रकार रहेंगे। ग्राम पंचायत अजान के सरपंच समय सिंह ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 31000 रूपये, द्वितीय 21000 रूपये तथा तृतीय पुरस्कार 11000 रूपये का दिया जावेगा तथा प्रत्येक कलाकार को 500 रूपये अलग से दिये जायेंगे।

तबादले पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हिंडौन सिटी। जिला चिकित्सालय हिंडौन में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत एक डाक्टर को पिछले माह चिकित्सा विभाग नें एपीओ करते हुए धौलपुर जिले के बसेड़ी अस्पताल में ट्रांसफर के आदेश किये थे.उस आदेश को लेकर हाइकोर्ट में अपील की गई। जिस पर राजस्थान हाइकोर्ट नें चिकित्सा विभाग के ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाते हुए हिंडौन जिला अस्पताल में जॉइन कराने आदेश दिए।

प्रार्थी के अधिवक्ता विजय पाठक नें बताया कि 15 मार्च को चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग की संयुक्त शासन सचिव नें एक आदेश जारी करते हुए हिंडौन जिला अस्पताल में कार्यरत स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ जयलाल माली को एपीओ करते हुए मुख्यालय जयपुर जॉइन करने के आदेश जारी किये और 16 मार्च को जयपुर मुख्यालय से बसेड़ी अस्पताल ट्रांसफर करने के आदेश जारी कर दिए। उक्त आदेश की प्रार्थी के अधिवक्ता विजय पाठक द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग के प्रमुख शासन सचिव,संयुक्त शासन सचिव,निदेशक और पीएमओ हिंडौन को पार्टी बनाते हुए राजस्थान हाइकोर्ट में अपील की गईं।

अपील पर गुरुवार को राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस नें सुनवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग के उक्त आदेश पर रोक लगाते हुए तुरंत प्रभाव से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को जिला अस्पताल हिंडौन में ही कार्यभार ग्रहण कराने के आदेश दिए.हाईकोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को डॉ जयलाल माली नें हिंडौन के जिला अस्पताल में कार्यभार ग्रहण किया।

पिकअप में लगी आग

करौली (नि.स.)। करौली. जिला मुख्यालय स्थित चटीकना मोहल्ले में बीड़ी के पत्ते भरके ले जा रही पिकअप में सड़क पर विद्युत लाइन से छू जाने के कारण आग लग गई। हालांकि आसपास मौजूद लोगों द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली के चटीकना मोहल्ले में बागुर वाली मस्जिद की गली में एक पिकअप बीड़ी के पत्ते भरकर ले जा रही थी।

इस दौरान सड़क के ऊपर झूलती विद्युत लाइनों से छू जाने के कारण पिकअप में भरी बीड़ी के पत्तों के बोरे ने आग पकड़ली। मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप में आग लगती देखकर चालक को रुकवाया। इस दौरान कुछ लोग आनन-फानन में पिकअप पर चढ़ गए और बीड़ी के पत्तों से बोरियों को नीचे फेंका। साथ ही कुछ लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया।

श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरुस्कृत

करौली (नि.स.)। शनिवार को शहर के वार्ड नं 37 में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय कल्लादह करौली में सहशैक्षिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को पुरुष्कृत किया गया।

संस्था प्रधान गंगाराम प्रजापत ने बताया कि सत्र 2023-24में वर्ष पर्यन्त सतत मूल्यांकन में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए मोहम्मद उजर खान,चित्रांकन में मुस्कान माली,अनुशासन प्रिय श्रेष्ठ विद्यार्थी सुहानी माली,सुलेख में रोशनी माली को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पेन एवं कॉपी देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन मे आदर्श बनने एवं परोपकार करने के साथ नियमित अध्ययन करके ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को परीक्षा से भयभीत नहीं होना चाहिए ये आपके लिए प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा 5 प्रथम बोर्ड परीक्षा है जो 30 अप्रेल से 3 मई तक सम्पन्न होगी। 5वी कक्षा मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

करौली के विद्यालय में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते संस्था प्रधान गंगाराम प्रजापत।

पुरानी रंजिश को लेकर की युवक से मारपीट, गोली मारी

धौलपुर। पुरानी रंजिश को लेकर धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र के बाबू का पुरा गांव में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर गोली मार दी। मारपीट और गोली लगने से घायल हुए युवक को परिजनों ने बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन गन शॉट जांघ में फंसा होने की वजह से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल धौलपुर के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में घायल का इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराए गए 25 वर्षीय घायल धीरज पुत्र धांधू परमार निवासी बाबू का पुरा ने बताया कि शनिवार को वह गांव के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी गांव के तीन युवक घात लगाकर पहुंच गए, जहां आरोपियों ने लाठी डंडों से जमीन पर पटक कर मारपीट कर दी। जिसके बाद जांघ में गोली मारकर आरोपी फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंच गए। जहां परिजनों ने घायल धीरज को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया।

अंगदान जागरूकता कार्यकम का आयोजन

धौलपुर। अंगदान जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता प्रो. महेश चन्द गुप्ता द्वारा की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अंगदान ही सबसे बडी सेवा है तथा इस मौके पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जहां वक्ताओं ने कहा कि भारत में 0.01 प्रतिशत लोग ही मृत्यु के बाद अंगदान करते है। भारत मे जनजागरूकता बेहद जरूरी है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. निधी त्यागी ने बताया कि अंगदान ही महादान है। मंच संचालन सहायक प्रो. भवानी सिंह मीणा द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शैक्षिणक और अशैक्षिणक स्टाफ मौजूद रहे।

महिला की संदिग्ध मौत

धौलपुर। शनिवार को धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में कैंथरी रिसोर्ट के पास एक मकान में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला तीन दिन पहले ही किराए पर रहने आई हुई थी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया है।

घटना को लेकर निहालगंज थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली थी कि कैंथरी रिसोर्ट के पीछे एक कॉलोनी में बने मकान के कमरे में महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मौके पर मौजूद मकान मालिक से पूछताछ करने पर पता चला कि महिला तीन दिन पहले ही एक व्यक्ति के साथ किराए पर रहने आई थी। महिला ने अपना नाम 45 वर्षीय राजवती पत्नी महेंद्र निवासी तोर और उसके साथ आए व्यक्ति को अपना पति बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह जब मकान मालिक ऊपर छत पर पहुंचे तो उन्हें कमरे में महिला मृत हालत में मिली और महिला के साथ मौजूद व्यक्ति गायब मिला। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। महिला के परिजनों की तलाश की जा रही है। जिनके आने के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल मृतका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

- **शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया है**

नहर में गिरने से युवक की मौत

भरतपुर (निस)। सुजानगंगा नहर में डूबे व्यक्ति के शव की पहचान बुद्व के हाट निवासी दीपू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीपू सुजानगंगा नहर की बाउण्ड्री पर बैठा था। जहां से अचानक गिर जाने से उसकी मौत हो गई। देर शाम सिविल डिफैंस की टीम ने उसके शव को ढूंढने का खूब प्रयास किया। लेकिन शुक्रवार को सफलता नहीं मिली।

आज सुबह एक बार फिर सिविल डिफैंस की टीम ने शव की तलाश की जिस पर शव को तलाश कर बाहर निकाला गया। मथुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक के शव को जिला आरबीएम अस्पताल पंहुचाया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि दीपू ई रिक्शा चलाने का कार्य करता था। वह अपने परिवार के साथ किले में किराए के मकान पर रहता था।

दीपू कल शाम को सुजान गंगा नहर की बाउण्ड्री पर बैठा हुआ था। तभी अचानक से उसका संतुलन बिगड गया और नहर में जा गिरा। युवक के गिरने की घटना पर स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर मथुरा गेट थाना पुलिस ने एसडीआरएफ के जवानों को मौके पर बुलवाया और दीपू की तलाश की गई। लेकिन दीपू देर रात्रि तक नही मिल सका। जिस पर शनिवार को एक बार फिर दीपू की तलाश की गई। एसडीआरएफ की टीम ने शव का नहर से निकाला। जिस पर मथुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में रखवाया।

बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दूल्हे के पिता और चाचा की मौत

धौलपुर। बारात लेकर जा रही एक पिकअप बेकाबू होकर खेत में पलट गई। हादसे में दूल्हे के पिता सहित दो की मौत हो गई, वहीं करीब 7 लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया है। घटना से शादी के घर में मातम पसर गया। हादसा धौलपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 123 पर आदर्श नगर गांव के पास हुआ है।

जानकारी के अनुसार धौलपुर शहर के सत्यनारायण कॉलोनी निवासी रामवीर सिंह अपने पुत्र रोनू की बारात लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के जगनेर कस्बे में गया था। शादी समारोह को संपन्न कर शनिवार को पिकअप गाड़ी में सवार होकर डेढ़ दर्जन से अधिक बाराती वापस घर लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे 123 पर आदर्श नगर गांव के नजदीक पिकअप चालक को नींद की झपकी आ गई और तेज रफ्तार पिकअप खेत में पलट गई। घटना के चश्मदीद लोगों ने बताया कि गाड़ी ने खेत में तीन पलटी खाई है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे को देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

जिन्होंने पुलिस को सूचित कर गाड़ी के अंदर से फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया। जहां दूल्हे के पिता रामवीर सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इलाज के दौरान घायल दूल्हे के चाचा रामनिवास की भी मौत हो गई।घटना को लेकर सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि सभी घायलों का जिला अस्पताल धौलपुर में उपचार किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हादसे के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। इस दौरान हादसे में 25 वर्षीय सोनू पुत्र सुरेश चंद्र, 35 वर्षीय राधे पुत्र धर्मेंद्र, 60 वर्षीय जनक सिंह पुत्र शिव सिंह, 8 वर्षीय विकास पुत्र लोकेंद्र सिंह, 50 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह पुत्र जीवनलाल, 65 वर्षीय महिपाल आदि 7 जने घायल हैं, जिनका जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज चल रहा है।

सभी घायलों का जिला अस्पताल धौलपुर में उपचार किया जा रहा है।

सत्यनारायण की कथा का शुभारंभ

हिण्डौन सिटी। टोडाभीम के पास भजेड़ा गांव में शनिवार को सत्यनारायण की कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पहले 101 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जो हनुमान मंदिर से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई हनुमान मंदिर के पास कथा स्थल पहुंची। इस दौरान रास्ते में लोगों ने जगह-जगह फूल बरसा कर यात्रा का स्वागत किया।कलश यात्रा के साथ लोग ध्वजा लेकर चल रहे थे।

वहीं महिलाएं डीजे के साथ नाचती गाती चल रही थी । लोकेश मीणा ने बताया कि सत्यनारायण भगवान कथा का कल समापन होगा। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महुआ, टोडाभीम, भजेडा, पाडला सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

कलशयात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

हिण्डौन सिटी। टोडाभीम के नागलशेरपुर में आज से हुनमंत कुटी बालाजी पर श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

इससे पहले डीजे के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जो हनुमंत कुटी से प्रारंभ होकर कथा स्थल हुनमंत कुटी बालाजी पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया। भागवत आचार्य सियाराम शास्त्री नागलशेरपुर वालों ने बताया कि भागवत कथा करना एक बहुत बड़ा धर्म है। और जहां कहीं भी भागवत कथा हो रही हो हमें अवश्य सुनने के लिए जाना चाहिए।

पॉचना नदी के पानी में मिला शव



करौली की पांचना नदी से शव को बाहर निकालते टीम के जवान।

करौली (नि.स.)। करौली-हिंडौन रोड स्थित पांचना नदी में शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम और करौली सदर थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची तथा मृतक के शव को नदी से निकालकर करौली अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया पुलिस सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान के प्रयास कर रही थी देर शाम मृतक कि पहचान के बाद पोस्टमार्टम कि कार्यवाही की गई। करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम पर शनिवार प्रातः पांचना नदी में किसी के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम और पुलिस दल मौके पर पहुंचा। जहां सिविल डिफेंस टीम केजवान बृजभूषण, जयदेव, पुष्पेंद्र, सपना, फरमान खान, उपेंद्र, मनीष आदि की मदद से मृतक के शव को नदी से बाहर निकाला। नदी में मिला शव करीब 5 दिन पुराना बताया जा रहा था। आसपास के लोगों से भी मृतक की पहचान के प्रयास किए। पहचान नहीं होने पर। मृतक के शव को करौली अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया इसके बाद थाना अधिकारी ने विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदी की रिपोर्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान के प्रयास किये। वही मध्य प्रदेष,उत्तर प्रदेष व अन्य स्थानो पर भी सूचना भिजवाई गई देर शाम कुछ लोग करौली अस्पताल पहुँचे जहा उन्होने थाना अधिकारी योगेन्द्र शर्मा कि उपस्थिति मे मृतक के शव की पहचान कि गई इस दौरान मृतक के पुत्र मोनू ने शव कि पहचान अपने पिता रामदयाल पुत्र बुद्धा जाटव 70 निवासी माहिदपुर (निठार) जिला भरतपुर के रूप मे की जिस पर थाना अधिकारी शर्मा ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कि कार्यवाही शुरू करते हुए बताया कि रामदयाल गत 23 अप्रेल को प्रात अपने गाव से निकला था।